## आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

श्री विजय पाल राव, न्यायिक सदस्य तथा
श्री बी.एम.बियाणी, लेखा सदस्य के समक्ष

आ.अ.सं. 290/इंदौर/2023
निर्धारण वर्ष : 2013-14

| | | |
|---|---|---|
| आयकर उपायुक्त 3(1), भोपाल | बनाम | मे. नर्मदा स्विचगियर प्राईवेट लिमिटेड प्लॉट नं. 3, गोविंदपुरा भोपाल |
| अपीलार्थी | | प्रत्यर्थी |
| स्था.ले.सं-एएबीसीएन 0635 एन PAN- AABCN0635N | | |

| | |
|---|---|
| विभाग की ओर से | श्री आशीष पोरवाल, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि |
| निर्धारिती की ओर से | श्री विनोद जोशी, प्राधिकृत प्रतिनिधि |
| सुनवाई तिथि | 13.06.2024 |
| उद्घोषणा तिथि | 13.06.2024 |

### आदेश

श्री बी.एम.बियाणी, लेखा सदस्य द्वारा

निर्धारण वर्ष 2013-14 से संबंधित विभाग की उपरोक्त शीर्षक की अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील)-2, भोपाल द्वारा पारित आदेश दिनांक 31.08.2020 के विरूद्ध निदेशित है, जो कि आयकर उपायुक्त/सहायकर आयकर आयुक्त-3(1), भोपाल द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143(3) के अधीन विरचित आदेश दिनांक 04.03.2016 से उद्भूत है ।

2. इस अपील की सुनवाई के आरंभ में ही, विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने निवेदन किया कि विभाग द्वारा पूर्व में निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए आयकर आयुक्त (अपील) के ऊपर संदर्भित आदेश दिनांक 31.08.2020 के विरूद्ध आयकर अपीलीय अधिकरण के समक्ष

अपील आ.अ.सं. 307/इंदौर/2020 दाखिल की गई थी जिसे माननीय न्यायपीठ द्वारा 03.02.2023 के द्वारा खारिज किया गया था । विभाग अधिकरण के उक्त आदेश के विरूद्ध विविध आवेदन दाखिल करने का इच्छुक था परंतु भूलवश विभाग द्वारा फिर से अपील दाखिल कर दी गई जो आ.अ.सं. 290/इंदौर/2023 के रूप में पंजीकृत की गई थी । विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि वर्तमान अपील आ.अ.सं. 290/इंदौर/2023 Duplicate Appeal होने के कारण निष्फल (infructuous) है । विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने निवेदन किया कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है यदि विचाराधीन अपील को निष्फल (infructuous) होने के कारण खारिज किया जाता है ।

3. हमने विद्वान विभागीय प्रतिनिधि के निवेदनों पर विचार किया तथा अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन किया । हमने पाया कि विभाग द्वारा भूलवश विविध आवेदन के स्थान पर वर्तमान अपील दाखिल की गई है । अतः आ.अ.सं. 290/इंदौर/2023 निष्फल (infructuous) होने के कारण खारिज करने योग्य हैं । तदनुसार हम विभाग की इस अपील को खारिज करते हैं ।

4. परिणामतः, विभाग की अपील खारिज की जाती है ।

यह आदेश 13.06.2024 को सुनवाई के पश्चात खुले न्यायालय में उद्घोषित किया गया तथा तत्पश्चात लिखित आदेश पारित किया गया ।

| | |
|---|---|
| हस्ता/- | हस्ता/- |
| (विजय पाल राव) | (बी.एम. बियाणी) |
| न्यायिक सदस्य | लेखा सदस्य |

दिनांक : 13.06.2024

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फाईल